# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
**CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR**
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formely Kanpur University, Kanpur)
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर, कानपुर–208024

## परीक्षा समिति की 10वीं बैठक दिन बुधवार, दिनांकः 30.11.2022
## कार्यवृत्त

आज दिनांक 30.11.2022, दिन बुधवार को अपरान्हः 12:30 बजे सेण्टर फॉर एकेडिमिक्स भवन स्थित कार्यपरिषद कक्ष में परीक्षा समिति की बैठक ऑनलाइन/आफलाइन सम्पन्न हुई, बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 सुधीर कुमार अवस्थी, आचार्य/प्रति कुलपति, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 एस0के0 श्रीवास्तव, डीन साइंस, डी0ए0वी0 कालेज, कानपुर | सदस्य |
| 3. | प्रो0 संजय कुमार स्वर्णकार, आचार्य, अंग्रेजी विभाग, सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 4. | प्रो. सुधान्शु पाण्ड्या, डीन, प्रशासन, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 5. | प्रो.अंशु यादव, आचार्य, आई.बी.एम.,विभाग,सी.एस.जे.एम.वि0वि0, कानपुर। | सदस्या |
| 6. | डा0 अशोक कुमार पाण्डेय, संकायाध्यक्ष, कृषि संकाय, जनता कालेज, बकेवर, इटावा | सदस्य |
| 7. | प्रो0(श्रीमती) रोली शर्मा, आचार्य, जीवन विज्ञान विभाग, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | सदस्या |
| 8. | प्रो0 विवेक कुमार द्विवेदी, प्राचार्य, बी0एन0डी0 कालेज, कानपुर | सदस्य |
| 9. | डा0 मृदुलेश सिंह, एसो0 प्रोफेसर, आई.बी.एम, विभाग सी.एस.जे.एम.वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 10. | डॉ0 पतंजलि मिश्रा, एसो0 प्रोफेसर, सतत् शिक्षा एवं प्रसार विभाग, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 11. | डा0 एम0एच0 सिद्दीकी, प्राचार्य, हलीम मुस्लिम कालेज, कानपुर | सदस्य |
| 12. | डॉ0 बी0डी0 पाण्डेय, अध्यक्ष, कानपुर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन। | सदस्य |
| 13. | डॉ0 अवधेश सिंह, महामंत्री, कानपुर यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन। | सदस्य |
| 14. | डॉ0 अनिल कुमार यादव, कुलसचिव, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर। | सदस्य |
| 15. | डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक, सी.एस.जे.एम. वि.वि.,कानपुर। | सचिव |
| | **विशेष आमंत्रित सदस्य** | |
| 16. | डॉ. आर.के. द्विवेदी, निदेशक, सी.डी.सी.,सी.एस.जे.एम. वि.वि.,कानपुर। | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 17. | डॉ0 रिपुदमन सिंह, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर | विशेष आमंत्रित सदस्य |

सचिव द्वारा नव नामित सदस्यों का परिचय कराते हुये सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से परीक्षा समिति की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। सम्यक विचारोपरान्त परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निम्नांकित निर्णय लिए गये–

मद सं0–2022.10.01

**परीक्षा समिति की सम्पन्न हुई बैठक दिनांक 20–08–2022 की कार्यवाही के सम्पुष्टिकरण/अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय

परीक्षा समिति की पूर्व में सम्पन्न हुई बैठक दिनांक 20.08.2022 की कार्यवाही का सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.02

**(क) एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम की परीक्षा में निदेशक, आई0बी0एम0 द्वारा उपलब्ध कराये गये संलग्न प्रश्नपत्र प्रारूप व पैटर्न का अनुमोदन।**

निर्णय

एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम की परीक्षा में निदेशक, आई0बी0एम0 द्वारा उपलब्ध कराये गये संलग्न प्रश्नपत्र प्रारूप व पैटर्न का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

**(ख) एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत बी0एस–सी0 (गणित) पाठ्यक्रम की परीक्षा में समन्वयक (Convenor) द्वारा उपलब्ध कराये गये संलग्न प्रश्नपत्र प्रारूप व पैटर्न का अनुमोदन।**

निर्णय

एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत बी0एस–सी0 (गणित) पाठ्यक्रम की परीक्षा में समन्वयक (Convenor) द्वारा उपलब्ध कराये गये संलग्न प्रश्नपत्र प्रारूप व पैटर्न का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

**(ग) एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत बी0एस–सी0 (सांख्यिकी) पाठ्यक्रम की परीक्षा में समन्वयक (Convenor) द्वारा उपलब्ध कराये गये संलग्न प्रश्नपत्र प्रारूप व पैटर्न का अनुमोदन।**

निर्णय

एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत बी0एस–सी0 (सांख्यिकी) पाठ्यक्रम की परीक्षा में समन्वयक (Convenor) द्वारा उपलब्ध कराये गये संलग्न प्रश्नपत्र प्रारूप व पैटर्न का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

**(घ) एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत बी0एस–सी0 (भौतिक विज्ञान) पाठ्यक्रम की परीक्षा में समन्वयक (Convenor) द्वारा उपलब्ध कराये गये संलग्न प्रश्नपत्र प्रारूप व पैटर्न का अनुमोदन।**

निर्णय

एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत बी0एस–सी0 (भौतिक विज्ञान) पाठ्यक्रम की परीक्षा में समन्वयक (Convenor) द्वारा उपलब्ध कराये गये संलग्न प्रश्नपत्र प्रारूप व पैटर्न का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.03

सत्र 2021–22 की स्नातक वार्षिक परीक्षायें सम्पन्न हो चुकी हैं तथा उनका परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। घोषित परीक्षा परिणाम के सम्बन्ध में महाविद्यालय एवं छात्र/छात्राओं द्वारा अवगत कराया गया है कि उनके अन्तिम वर्ष की परीक्षा परिणाम में समस्त विषयों में उत्तीर्ण होने के बाद भी उनके परीक्षाफल में आर0डी0 प्रदर्शित हो रहा है तथा इसके साथ–साथ यह भी आवेदन किया गया है कि उनका परीक्षा परिणाम सही करके घोषित कर दिया जाय।

उक्त के सम्बन्ध में सूच्य है कि विश्वविद्यालय द्वारा कोविड–19 के दृष्टिगत विश्वविद्यालयी मुख्य परीक्षा सत्र 2020–21 के सम्पादनार्थ उत्तर प्रदेश शासन (उच्च शिक्षा अनुभाग) के पत्र संख्या–1200/सत्तर–32021–08(20) ,2021, दिनांक–08 जून, 2021 एवं तदक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा जारी पत्रांक–236/रा0उ0शि0प0/53/19, दिनांक–09 जून, 2021 के अनुक्रम में कार्ययोजना जारी की गयी थी (संलग्नक)।

उक्त कार्ययोजना के बिन्दु संख्या प्रथम में उल्लिखित है कि **स्नातक प्रथम तथा परास्नातक प्रथम** वर्ष के **छात्र/छात्राओं को अगली कक्षा अर्थात द्वितीय वर्ष में प्रोन्नत किया जायेगा तथा वर्ष 2022 में होने वाली उनकी द्वितीय वर्ष की परीक्षा के आधार पर अन्तर्वेशन से उनके प्रथम वर्ष का परिणाम तथा प्राप्तांक निर्धारित किये जायेंगे।**

उपरोक्त के आधार पर सत्र 2020–21 में स्नातक के प्रथम वर्ष की वार्षिक परीक्षा में कतिपय विषय की परीक्षायें सम्पन्न हुयीं थी तथा कोविड–19 के दृष्टिगत अन्य परीक्षायें स्थगित कर दी गयी थीं तथा अगली कक्षा में उन्हें प्रोन्नत प्रदान कर दी गयी थी। ऐसे छात्र/छात्रायें जिनके सम्बन्धित विषय की परीक्षायें सम्पन्न हो चुकी थीं, उन विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर उनको अंक प्रदान कर दिये गये थे तथा शेष विषयों में द्वितीय वर्ष की सम्पादित करायी गयी परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर छात्र/छात्राओं को प्रथम वर्ष के सम्बन्धित विषयों में अंक प्रदान कर दिये गये थे। इसी प्रकार उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले ऐसे छात्र/छात्रायें जिनके सम्बन्धित विषय की कोई भी परीक्षायें सम्पन्न नहीं हो पायी थीं, उनको प्रथम वर्ष के समस्त विषयों में द्वितीय वर्ष की सम्पादित करायी गयी परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रथम वर्ष के समस्त विषयों में अंक प्रदान कर दिये गये थे। साथ ही ऐसे छात्र/छात्राओं जिनकी प्रथम वर्ष की कतिपय विषय की परीक्षा सम्पादित करायी गयी थीं और वह उस सम्बन्धित विषय में अनुत्तीर्ण हो गये थे तथा सम्बन्धित विषय की बैक पेपर परीक्षा में भी सम्मिलित नहीं हुये थे एवं द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष में उत्तीर्ण हो गये हैं, उनके प्रथम वर्ष में उत्तीर्ण न होने के कारण अभी भी परीक्षाफल में आर0डी0 प्रदर्शित हो रहा है। उक्त के अतिरिक्त ऐसे छात्र/छात्रायें जिनकी कोविड–19 महामारी के कारण परीक्षायें सम्पन्न नहीं करायी गयी थीं, वह द्वितीय वर्ष की सम्पादित करायी गयी परीक्षा में जो छात्र/छात्रायें अनुत्तीर्ण हो गये थे, वह प्रथम वर्ष में भी, सम्बन्धित विषयों में द्वितीय वर्ष के अंकों के आधार पर, अनुत्तीर्ण हो गये हैं। उनके भी परीक्षा परिणाम में आर0डी0/इनकम्प्लीट प्रदर्शित हो रहा है।

निर्णय

ऐसे छात्र/छात्राओं जिनकी प्रथम वर्ष की कतिपय विषय की परीक्षा सम्पादित करायी गयी थीं और वह उस सम्बन्धित विषय में अनुत्तीर्ण हो गये थे तथा सम्बन्धित विषय की बैक पेपर परीक्षा में भी सम्मिलित नहीं हुये थे एवं द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष में उत्तीर्ण हो गये हैं, उनके प्रथम वर्ष में उत्तीर्ण न होने के कारण अभी भी परीक्षाफल में आर0डी0 प्रदर्शित हो रहा है। ऐसे छात्र/छात्राओं को उनके द्वितीय वर्ष में सम्पादित करायी गयी परीक्षाओं में प्राप्त सम्बन्धित विषय के अंकों के आधार पर प्रथम वर्ष में अंक प्रदान किये जाने एवं ऐसे छात्र/छात्रायें जिनकी कोविड–19 महामारी के कारण परीक्षायें सम्पन्न नहीं करायी गयी थीं, वह द्वितीय वर्ष की सम्पादित करायी गयी परीक्षा में जो छात्र/छात्रायें अनुत्तीर्ण हो गये हैं व उनके भी परीक्षा परिणाम में आर0डी0/इनकम्प्लीट प्रदर्शित हो रहा है। समिति द्वारा सर्वसम्मति से ऐसे छात्र/छात्राओं को द्वितीय वर्ष में सम्बन्धित विषय/विषयों में बैकपेपर/भूतपूर्व छात्र के रूप में परीक्षा में प्रतिभाग करने तथा सम्बन्धित विषय में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रथम वर्ष में अंक प्रदान करने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.04

**ऐसे छात्र/छात्रायें जो सत्र 2020–21 में द्वितीय वर्ष में अनुत्तीर्ण हो गये थे तथा सत्र 2021–22 में तृतीय वर्ष की मुख्य परीक्षा के साथ ही प्रथम/द्वितीय वर्ष के भूतपूर्व परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हुये हैं, उनका परीक्षा परिणाम अब तक घोषित नहीं किया गया है। साथ ही ऐसे छात्र/छात्रायें जिन्होंने सत्र 2018–19 में प्रथम वर्ष में उत्तीर्ण हुये तथा सत्र 2019–20 में द्वितीय वर्ष में अनुत्तीर्ण हुयें तथा तृतीय वर्ष सत्र 2020–21 में परीक्षा में सम्मिलित हुये तथा सत्र 2021–22 में भूतपूर्व छात्र के रूप में द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हुये, के परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने पर विचार।**

निर्णय

सत्र 2020–21 में द्वितीय वर्ष में अनुत्तीर्ण हो गये थे तथा सत्र 2021–22 में तृतीय वर्ष की मुख्य परीक्षा के साथ ही प्रथम/द्वितीय वर्ष के भूतपूर्व परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हुये हैं, ऐसे छात्र/छात्राओं को वर्तमान में प्रचलित नियमों को छात्रहित में शिथिल करते हुये सत्र 2021–22 में प्रथम/द्वितीय वर्ष के भूतपूर्व परीक्षा के रूप में सम्मिलित विषयों/प्रश्नपत्रों को बैक पेपर रूप में परीक्षा परिणाम तैयार करने के साथ ही तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। तथा जो परीक्षार्थी एक पेपर में अनुत्तीर्ण हैं, उन्हें एक अन्तिम

अवसर प्रदान करते हुये सत्र 2022–23 की बैक पेपर परीक्षा में बैठने की अनुमति समिति द्वारा सर्वसम्मति से प्रदान की गयी। भविष्य के लिये इसे नजीर न माना जाय।

सत्र 2018–19 में प्रथम वर्ष में उत्तीर्ण हुये तथा सत्र 2019–20 में द्वितीय वर्ष में अनुत्तीर्ण हुयें तथा तृतीय वर्ष सत्र 2020–21 में परीक्षा में सम्मिलित हुये तथा सत्र 2021–22 में भूतपूर्व छात्र के रूप में द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हुये हैं, ऐसे छात्र/छात्राओं को वर्तमान में प्रचलित नियमों को छात्रहित में शिथिल करते हुये सत्र 2021–22 में भूतपूर्व छात्र के रूप में द्वितीय वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित विषयों/प्रश्नपत्रों को बैक पेपर रूप में परीक्षा परिणाम तैयार करने के साथ ही तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। तथा जो परीक्षार्थी एक पेपर में अनुत्तीर्ण हैं, उन्हें एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये सत्र 2022–23 की बैक पेपर परीक्षा में बैठने की अनुमति समिति द्वारा सर्वसम्मति से प्रदान की गयी। भविष्य में इसे नजीर न माना जाय।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.05

**(क) बी0ए0 द्वितीय वर्ष में ओल्ड कोर्स के विषय एजूकेशन के प्रथम एवं द्वितीय प्रश्नपत्र का पूर्णांक 50 अंकों का होता है और कोई प्रैक्टिकल नहीं होता है। जबकि न्यू कोर्स में प्रथम एवं द्वितीय प्रश्नपत्र का पूर्णांक 35 अंकों का तथा प्रैक्टिकल 30 अंक का होता है। छात्रों द्वारा सत्र 2021–22 में ओल्ड कोर्स के छात्रों ने न्यू कोर्स का पेपर दे दिया है, ऐसे छात्र/छात्राओं की उत्तर पुस्तिकायें 35 अंक के स्थान पर 50 अंक के सापेक्ष मूल्यांकित कराये जाने पर विचार।**

निर्णय

बी0ए0 द्वितीय वर्ष में ओल्ड कोर्स के विषय एजूकेशन के प्रथम एवं द्वितीय प्रश्नपत्र का पूर्णांक 50 अंकों का होता है और कोई प्रैक्टिकल नहीं होता है। जबकि न्यू कोर्स में प्रथम एवं द्वितीय प्रश्नपत्र का पूर्णांक 35 अंकों का तथा प्रैक्टिकल 30 अंक का होता है। छात्रों द्वारा सत्र 2021–22 में ओल्ड कोर्स के छात्रों ने न्यू कोर्स का पेपर दे दिया है, ऐसे छात्र/छात्राओं की उत्तर पुस्तिकायें 35 अंक के स्थान पर तुलनात्मक रूप से 50 अंक के सापेक्ष मूल्यांकित कराये जाने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

**(ख) बी0काम0 तृतीय वर्ष में ओल्ड कोर्स व न्यू कोर्स के कुछ पेपर एक दिन ही कराये गये थे जिसके कारण कुछ छात्र/छात्राओं ने ओल्ड कोर्स के स्थान पर न्यू कोर्स के प्रश्नपत्र का पेपर दे दिया है। परन्तु रिजल्ट प्रोसेसिंग में ओल्ड कोर्स के छात्रों का पेपर टाइटिल मैच न होने के कारण ऐसे छात्र/छात्राओं का रिजल्ट इनकम्पलीट प्रदर्शित हो रहा है, ऐसे छात्र/छात्राओं की उत्तरपुस्तिकायें न्यू कोर्स के सापेक्ष मूल्यांकित कराकर परीक्षाफल घोषित किये जाने पर विचार तथा इसी प्रकार के अन्य प्रकरणों में लिये जाने वाले निर्णय पर विचार।**

निर्णय

बी0काम0 तृतीय वर्ष में ओल्ड कोर्स व न्यू कोर्स के कुछ पेपर एक दिन ही कराये गये थे जिसके कारण कुछ छात्र/छात्राओं ने ओल्ड कोर्स के स्थान पर न्यू कोर्स के प्रश्नपत्र का पेपर दे दिया है। परन्तु रिजल्ट प्रोसेसिंग में ओल्ड कोर्स के छात्रों का पेपर टाइटिल मैच न होने के कारण ऐसे छात्र/छात्राओं का रिजल्ट इनकम्पलीट प्रदर्शित हो रहा है, ऐसे छात्र/छात्राओं के सम्बन्ध में समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि उन्हें परीक्षा में अधिकतम प्राप्त दो विषयों के अंकों के औसत अंक प्रदान कर दिये जायें, इस प्रकार के समस्त प्रकरणों पर यह निर्णय प्रभावी होगा।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

**(ग) बी0ए0 तृतीय वर्ष के एजूकेशन विषय में तृतीय प्रश्नपत्र में थ्योरी तथा प्रैक्टिकल आप्शनल होता है किंतु सत्र 2021–22 के कुछ छात्र/छात्राओं के प्रवेश फार्म में थ्योरी पेपर भरा होने बाद भी प्रैक्टिकल दिया है। जिस कारण से उनका रिजल्ट इनकप्लीट प्रदर्शित हो रहा है। ऐसे छात्र/छात्राओं ने विषय रू0 2000/– शुल्क जमा कर थ्योरी से प्रैक्टिकल हेतु प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत किये हैं, के सम्बन्ध में विचार।**

निर्णय

बी0ए0 तृतीय वर्ष के एजूकेशन विषय में तृतीय प्रश्नपत्र में थ्योरी तथा प्रैक्टिकल आप्शनल होता है किंतु सत्र 2021–22 के कुछ छात्र/छात्राओं के प्रवेश फार्म में थ्योरी पेपर भरा होने बाद भी प्रैक्टिकल दिया है। जिस कारण से उनका रिजल्ट इनकप्लीट प्रदर्शित हो रहा है। ऐसे छात्र/छात्राओं ने विषय रू0 2000/– शुल्क जमा कर थ्योरी से प्रैक्टिकल हेतु प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत किये हैं, ऐसे छात्र/छात्राओं को सम्बन्धित विषय में प्राप्त अंकों का औसत प्रदान किये जाने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

**(घ) सत्र 2019–20 एवं 2020–21 के स्नातक द्वितीय वर्ष के ऐसे परीक्षार्थी जो किन्हीं प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण हो गये हैं और अगले सत्र में तृतीय वर्ष में उत्तीर्ण हो गये है, किंतु द्वितीय वर्ष में अनुउत्तीर्ण होने के कारण उनके परीक्षाफल में आर0डी0 प्रदर्शित हो रहा है, ऐसे छात्र/छात्राओं को बैक पेपर की परीक्षा में बैठने की अनुमति पर विचार।**

निर्णय

सत्र 2019–20 एवं 2020–21 के स्नातक द्वितीय वर्ष के ऐसे परीक्षार्थी जो किन्हीं प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण हो गये हैं और अगले सत्र में तृतीय वर्ष में उत्तीर्ण हो गये है, किंतु द्वितीय वर्ष में अनुउत्तीर्ण होने के कारण उनके परीक्षाफल में आर0डी0 प्रदर्शित हो रहा है, ऐसे छात्र/छात्राओं की बैक पेपर की लॉगिन खोले जाने एवं परीक्षा में बैठने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया तथा उन्हें परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु 10 दिवस का अतिरिक्त समय प्रदान किया जाय।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.06

**एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत बी0एस–सी0 पाठ्यक्रम की परीक्षा अधिकतम 100 अंकों की है, जिसमें 75 अंक लिखित परीक्षा एवं 25 अंक इन्टरनल एसेसमेंट द्वारा प्रदान किये जाते हैं, जिसमें लिखित परीक्षा के 75 अंकों का अनुमोदित प्रश्नपत्र प्रारूप के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय

एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत बी0एस–सी0 पाठ्यक्रम की परीक्षा अधिकतम 100 अंकों की है, जिसमें 75 अंक लिखित परीक्षा एवं 25 अंक इन्टरनल एसेसमेंट द्वारा प्रदान किये जाते हैं, जिसमें लिखित परीक्षा के 75 अंकों का अनुमोदित प्रश्नपत्र प्रारूप का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.07

**कोर्स बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष सत्र 2021–22 के स्लैबस में गणित विषय के प्रश्नपत्र ओल्ड कोर्स के 60 अंक व न्यू कोर्स के 75 अंक में अन्तर के दृष्टिगत ओल्ड कोर्स के छात्रों का मूल्यांकन 60 के स्थान पर 75 अंक के सापेक्ष के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय

कोर्स बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष सत्र 2021–22 के स्लैबस में गणित विषय के प्रश्नपत्र ओल्ड कोर्स के 60 अंक व न्यू कोर्स के 75 अंक में अन्तर के दृष्टिगत ओल्ड कोर्स के छात्रों का मूल्यांकन 60 के स्थान पर 75 अंक के सापेक्ष समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.08

**सत्र 2021–22 के एम0एस–सी0 माइक्रोबायोलाजी पाठ्यक्रम के चतुर्थ सेमेस्टर के प्रश्नपत्र क्यू0पी0–4003 के परीक्षा परिणाम में विसंगतियों के दृष्टिगत विषय विशेषज्ञों से पुनः तैयार कर परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय

सत्र 2021–22 के एम0एस–सी0 माइक्रोबायोलाजी पाठ्यक्रम के चतुर्थ सेमेस्टर के प्रश्नपत्र क्यू0पी0–4003 के परीक्षा परिणाम में विसंगतियों के दृष्टिगत विषय विशेषज्ञों से पुनः तैयार कर परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.09

**(क) सत्र 2020–21 बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम के पुर्नमूल्यांकन के उपरान्त जारी परीक्षाफल के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय

सत्र 2020–21 बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम के पुर्नमूल्यांकन के उपरान्त जारी परीक्षाफल का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

**(ख) सत्र 2020–21 बी0डी0एस0 द्वितीय वर्ष फार्माकोलाजी विषय की उत्तर पुस्तिकायें आदेशानुसार विषय विशेषज्ञों से पुनः जॉच कराकर औसत अंकों के आधार पर जारी परीक्षाफल का अनुमोदन।**

निर्णय

सत्र 2020–21 बी0डी0एस0 द्वितीय वर्ष फार्माकोलाजी विषय की उत्तर पुस्तिकायें आदेशानुसार विषय विशेषज्ञों से पुनः जॉच कराकर औसत अंकों के आधार पर जारी परीक्षाफल का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**समिति द्वारा मेडिकल परीक्षाओं के उपरान्त परीक्षार्थियों हेतु चैलेन्ज/स्क्रुटिनी/पुर्नमूल्यांकन हेतु तीन सदस्यीय समिति गठित करने का निर्णय लिया गयाः–**

1. प्रो0 संजय काला, प्राचार्य, जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज, कानपुर।
2. प्रो0 सुधांशु पाण्डया, डीन एकेडकिम, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
3. डॉ0 आर0 के0 द्विवेदी, निदेशक, सी0डी0सी0, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.10

**(क) सत्र 2021–22 की वार्षिक परीक्षा–2022 के बी0एस–सी0 द्वितीय व तृतीय वर्षों के भौतिक विज्ञान तथा रसायन विज्ञान के प्रश्नपत्रों में कठिनता के स्तर के आकंलन हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा नामित समिति की आख्या के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय

सत्र 2021–22 की वार्षिक परीक्षा–2022 के बी0एस–सी0 द्वितीय व तृतीय वर्षों के भौतिक विज्ञान तथा रसायन विज्ञान के प्रश्नपत्रों में कठिनता के स्तर के आकंलन हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा नामित समिति की आख्या का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

**(ख) विश्वविद्यालय की एन0ई0पी0 के अन्तर्गत जुलाई 2022 में सम्पन्न विभिन्न परीक्षाओं हेतु मॉडरेशन समिति द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों (बी0ए0, बी0एस–सी0, बी0काम0) के विषयों से सम्बन्धित प्रश्नपत्रों हेतु अंकों में किये गये मॉडरेशन से सम्बन्धित संस्तुति का अनुमोदन।**

निर्णय

विश्वविद्यालय की एन0ई0पी0 के अन्तर्गत जुलाई 2022 में सम्पन्न विभिन्न परीक्षाओं हेतु मॉडरेशन समिति द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों (बी0ए0, बी0एस–सी0, बी0काम0) के विषयों से सम्बन्धित प्रश्नपत्रों हेतु अंकों में किये गये मॉडरेशन से सम्बन्धित संस्तुति का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.11

**मुख्य वार्षिक परीक्षा/सम सेमेस्टर/विधि (विषम सेमेस्टर) (मई/जून/जुलाई–2022) परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग में निरूद्ध/आरोपित परीक्षार्थियों की सूची के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय

मुख्य वार्षिक परीक्षा/सम सेमेस्टर/विधि (विषम सेमेस्टर) (मई/जून/जुलाई–2022) परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग में निरूद्ध/आरोपित परीक्षार्थियों की सूची का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.12

**स्नातक चिकित्सा शिक्षा के लिये मूल्यांकन मॉडयूल–2019 के नवीन पाठ्यक्रम के अनुसार एम0बी0बी0एस0 अन्तिम व्यवसायिक भाग प्रथम की परीक्षा का अनुमोदन कराये जाने के सम्बन्ध में विचार।**

निर्णय

एन0एम0सी0, नई दिल्ली के नवीनतम मानक (स्नातक चिकित्सा शिक्षा के लिये मूल्यांकन मॉडयूल–2019) के अनुसार एम0बी0बी0एस0 बैच–2019 की प्रथम व्यवसायिक की परीक्षा (एनाटमी/फिजियोलाजी/बायोकेमेस्ट्री विषय) एवं एम0बी0बी0एस0 द्वितीय व्यवसायिक की परीक्षा (पैथोलाजी/फार्माकोलाजी एवं माइक्रोबायोलाजी विषय) का अनुमोनदनोपरान्त सम्पन्न कराया जा चुका है तथा एम0बी0बी0एस0 अन्तिम व्यवसायिक भाग–प्रथम की परीक्षा (कम्यूनिटी मेडिसिन)/नेत्र रोग/ई0एन0टी0/फोरे0 मेडिसिन) माह जनवरी, 2023 में एम0सी0आई0/एन0एम0सी0 के नवीन पाठ्यक्रम के अनुसार प्रस्तावित है, का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.13

**भारत का राजपत्र (भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद के अधिनियम में शासी) बोर्ड, नई दिल्ली संशोधन अधिसूचना दिनांक–04 नवम्बर, 2019) '' स्नातक चिकित्सा शिक्षा विनियमावली (संशोधन) 2019 के अनुमोदन के सम्बन्ध में विचार।**

निर्णय

भारत का राजपत्र (भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद के अधिनियम में शासी) बोर्ड, नई दिल्ली संशोधन अधिसूचना दिनांक–04 नवम्बर, 2019) '' स्नातक चिकित्सा शिक्षा विनियमावली (संशोधन) 2019 के अनुसार एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम के छात्र/छात्राओं की आन्तरिक एवं विश्वविद्यालय परीक्षायें एवं कक्षायें तथा वार्ड पोस्टिंग इत्यादि सम्पन्न की जा रही है, का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.14

कोडिंग विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि दिनांक **25.07.2022 को जनता महाविद्यालय बकेवर द्वारा बकेवर पोस्ट ऑफिस में बुक किये गये दो आर्टिकल स्पीड पोस्ट नं EU835937797IN एवं EU835937664IN अद्यतन विश्वविद्यालय के कोडिंग विभाग को अप्राप्त है। उक्त आर्टिकल से आच्छादित पेपर कोड संख्या** BSCAG.6002, BED204, BED205, BED206 एवं BED207 है। साथ ही यह सूच्य है कि EW02 जनता महाविद्यालय बकेवर, इटावा में चार महाविद्यालयों क्रमशः EW02 जनता महाविद्यालय बकेवर, इटावा, EW22 राज बहादुर सिंह डिग्री कॉलेज इटावा, EW25 ज्ञान स्थली डिग्री कॉलेज, शुक्लागंज भर्थना, इटावा एवं EW32 आर0एस0 डिग्री कॉलेज मनियामऊ, इटावा के परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे।

उक्त आर्टिकल विश्वविद्यालय को प्राप्त न होने पर दिनांक 31.10.2022 को व्हाट्सअप के माध्यम से श्री रवि बाजपेई हेड पोस्ट ऑफिस कानपुर नगर को अवगत कराया गया। साथ ही उक्त के संदर्भ में चीफ पोस्टमास्टर को भी अवगत करा दिया गया। चीफ पोस्टमास्टर द्वारा व्हाट्सअप पर अवगत कराया गया कि ''Sir 2 speed post booked from Bakewar post office dated 25-7-22 have been lost in transit…between Bakewar and Etawah Railway mail Service''। उत्तर स्पष्ट न होने के करण दिनांक 07.11.2022 को चीफ पोस्टमास्टर, कानपुर नगर को पत्र संख्या सी. एस.जे.एम.वि.वि./सी.ओ.ई./3345 /2022 निर्गत किया गया। उक्त पत्र के क्रम में चीफ पोस्टमास्टर कानपुर के संलग्न पत्र सं0 बीडी/सीएसजेएयू/केपीएचओ/ 2022–23/लूज दिनांक कानपुर 09.11.2022 द्वारा अवगत कराया गया कि **''मामले में गहन जाँच एवं खोजबीन के बाद भी उपरोक्त स्पीड पोस्ट वस्तुएं उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। इस सम्बन्ध में हुई असुविधा के लिए हमें खेद है।''** तद्क्रम में परीक्षा विभाग के पत्रांक संख्या– सी0एस0जे0एम0वि0वि0/सी0ओ0ई0/3384/2022, दिनांक–26.11.2022 द्वारा चीफ पोस्ट मास्टर को पत्र लिखते हुये रोष व्यक्त करते हुये भविष्य में पुनरावृत्ति न हो इसे सुनिश्चित किया जाये। साथ ही उक्त कृत्य के लिये जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध किस प्रकार की दण्डात्मक कार्यवाही की जा रही है, से अवगत कराया जाये।

अवगत कराना है कि पूर्व में विश्वविद्यालय के सत्र 2021–22 की सम्पन्न परीक्षा में कतिपय महाविद्यालयों के आर्टिकल कोडिंग विभाग को प्राप्त न होने की दशा में माननीय कुलपति महोदय के आदेश क्रम में तीन सदस्यीय जाँच कमेटी का गठन किया गया। समिति की संस्तुति को परीक्षा समिति के नवीं बैठक दिनांक 20.08.2022 के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसे परीक्षा समिति ने मद सं0–2022.09.14 को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। जिसके प्रभावी अंश निम्नवत् है–

''उपरोक्त प्रकरण पर परीक्षा समिति द्वारा समिति की आख्या का अवलोकन करते हुये सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि परीक्षार्थी को सर्वाधिक अंक प्राप्त विषय के बराबर अंक प्रदान किये जायेंगे।''

निर्णय –

मिसिंग आर्टिकल से आच्छादित महाविद्यालयों क्रमशः EW02 जनता महाविद्यालय बकेवर, इटावा में चार महाविद्यालयों क्रमशः EW02 जनता महाविद्यालय बकेवर, इटावा, EW22 राज बहादुर सिंह डिग्री कॉलेज इटावा, EW25 ज्ञान स्थली डिग्री कॉलेज, शुक्लागंज भर्थना, इटावा एवं EW32 आर0एस0 डिग्री कॉलेज मनियामऊ, इटावा पूर्व की भांति परीक्षार्थी को सर्वाधिक अंक प्राप्त विषय के बराबर अंक प्रदान करते हुये घोषित परीक्षा परिणाम का समिति ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि डाक विभाग को उक्त के सम्बन्ध में एक कठोर पत्र निर्गत करते हुये उन्हें अवगत करा दिया जाये कि उक्त की पुनः पुनरावृत्ति की स्थिति में डॉक विभाग पर अर्थ दण्ड आरोपित करने हेतु समिति ने माननीय कुलपति जी को अधिकृत किया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.15

**छात्र महेश चन्द्र निगम एल0ल0एल0बी0 अनुक्रमांक 0305503 के प्रार्थना पत्र दिनांक–04.11.2022 के अनुरोधानुसार षष्ठम सेमेस्टर की परीक्षा में लैण्ड ला के स्थान पर टैक्सेसन ला की सत्र 2021–22 परीक्षा में सम्मिलित होने के सम्बन्ध में निर्णय।**

निर्णय

छात्र महेश चन्द्र निगम एल0ल0एल0बी0 अनुक्रमांक 0305503 के प्रार्थना पत्र दिनांक–04.11.2022 के अनुरोधानुसार षष्ठम सेमेस्टर की परीक्षा में लैण्ड लॉ के स्थान पर टैक्सेसन लॉ की आगामी सत्र 2022–23 परीक्षा में सम्मिलित होने के अनुरोध पर वर्तमान में प्रचलित नियमों को छात्रहित में शिथिल करते हुये छात्र द्वारा याचिका को वापस लिये जाने की शर्त पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमति प्रदान करने के साथ ही परीक्षा फार्म सब्मिशन की अनुमति प्रदान की गयी। भविष्य के लिये इसे नजीर न माना जाये।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.16

**बी0पी0टी0 तृतीय वर्ष सत्र 2020–21 की छात्रा कुमारी खुशबू को परीक्षा में सम्मिलित किये जाने के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय

बी0पी0टी0 तृतीय वर्ष सत्र 2020–21 की छात्रा कुमारी खुशबू को परीक्षा में सम्मिलित किये जाने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.17

**श्री प्रमोद कुमार पुत्र श्री राम लोचन, बी0एस–सी0 द्वितीय वर्ष, सत्र 2021–22 में एफ0एफ0 राजकीय डिग्री कॉलेज, सीतापुर के रसायन विज्ञान की प्रथम एवं द्वितीय प्रश्नपत्र की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनः मूल्यांकन के पश्चात् परीक्षक द्वारा प्रदान अंक के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय

श्री प्रमोद कुमार पुत्र श्री राम लोचन, बी0एस–सी0 द्वितीय वर्ष, सत्र 2021–22 में एफ0एफ0 राजकीय डिग्री कॉलेज, सीतापुर के रसायन विज्ञान की प्रथम एवं द्वितीय प्रश्नपत्र की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनः मूल्यांकन के पश्चात् परीक्षक द्वारा प्रदान अंक दिये जाने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.18

**सत्र 2022–23 के एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर एवं विश्वविद्यालय में पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों एवं एल0एल0एल0बी0 तथा बी0ए0एल0एल0बी0 के सम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की Co-Curricular विषय को छोड़कर अन्य सभी विषयों की परीक्षायें सब्जेक्टिव पैर्टन पर तीन पालियों में 09:00 AM To 11:00 AM, 12:00 PM To 02:00 PM, 03:00 PM To 05:00 PM में दिनांक–10.01.2023 से कराये जाने पर विचार।**

निर्णय

सत्र 2022–23 के एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर एवं विश्वविद्यालय में पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों एवं एल0एल0एल0बी0 तथा बी0ए0एल0एल0बी0 के सम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की Co-Curricular विषय को छोड़कर अन्य सभी विषयों की परीक्षायें सब्जेक्टिव पैर्टन पर तीन पालियों में 09:00 AM To 11:00 AM, 12:00 PM To 02:00 PM, 03:00 PM To 05:00 PM में दिनांक–10.01.2023 से कराये जाने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया तथा समिति के समक्ष प्रस्तुत ड्राफ्ट परीक्षा कार्यक्रम का भी अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.19

**सत्र 2022–23 के एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर एवं विश्वविद्यालय में पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों एवं एल0एल0एल0बी0 तथा बी0ए0एल0एल0बी0 के सम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड पाठ्यक्रम/डीन एकेडमिक से प्राप्त पाठ्यक्रम के अनुसार प्रश्नपत्र तैयार कराये जाने के अनुमोदन पर विचार।**

निर्णय

सत्र 2022–23 के एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर एवं विश्वविद्यालय में पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों एवं एल0एल0एल0बी0 तथा बी0ए0एल0एल0बी0 के सम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड पाठ्यक्रम/डीन एकेडमिक से प्राप्त पाठ्यक्रम के अनुसार प्रश्नपत्र तैयार कराये जाने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.20

**सत्र 2022–23 के एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर एवं विश्वविद्यालय में पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों एवं एल0एल0एल0बी0 तथा बी0ए0एल0एल0बी0 के सम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के उपरान्त उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन प्रणाली पर विचार।**

निर्णय

सत्र 2022–23 के एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विषम सेमेस्टर एवं विश्वविद्यालय में पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों एवं एल0एल0एल0बी0 तथा बी0ए0एल0एल0बी0 के सम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के उपरान्त उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल मूल्यांकन कराये जाने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.21

**विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की सत्र 2021–22 में मुख्य परीक्षा/एन0ई0पी0/पूर्व में संचालित सम सेमेस्टर की परीक्षाओं तथा जुलाई–2022 में सम्पन्न बी0बी0ए0/बी0काम0 आनर्स/एम0बी0ए0 की सम सेमेस्टर की परीक्षाओं हेतु निर्माण कराये गये प्रश्नपत्रों के सापेक्ष प्राश्निकों को किये गये भुगतान का अनुमोदन।**

निर्णय

विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की सत्र 2021–22 में मुख्य परीक्षा/एन0ई0पी0/पूर्व में संचालित सम सेमेस्टर की परीक्षाओं तथा जुलाई–2022 में सम्पन्न बी0बी0ए0/बी0काम0 आनर्स/एम0बी0ए0 की सम सेमेस्टर की परीक्षाओं हेतु निर्माण कराये गये प्रश्नपत्रों के सापेक्ष प्राश्निकों को किये गये भुगतान का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। तथा साथ ही जिन प्राश्निकों द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पारिश्रमिक भुगतान के सम्बन्ध में ऑनलाइन आवेदन किया गया, उनका नियमानुसार भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

मद सं0–2022.10.22

सौरभ कुमार के प्रार्थना पत्र दिनांक 13.01.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से छात्र द्वारा अवगत कराया गया है कि वह आदर्श महाविद्यालय मुराई, बाग रायबरेली (RB70) में बी0ए0 तृतीय वर्ष सत्र 2022–23 का संस्थागत छात्र है। बी0ए0 तृतीय वर्ष सत्र 2021–22 की वार्षिक परीक्षाएँ दिनांक 12.05.2022 से प्रारम्भ हुई थी। महाविद्यालय में बी0ए0 द्वितीय वर्ष के समस्त छात्र/छात्राओं की परीक्षाएँ परीक्षा केन्द्र गयादीन मौर्य स्मृति महाविद्यालय,

डलमऊ, रायबरेली (RB21) में हुयी थी। परीक्षा केन्द्र के विद्यालय प्रबन्धन एवं उपस्थित शिक्षक स्टाफ द्वारा परीक्षार्थियों से परीक्षा दिन रूपये वसूलने का दबाव बनाया जा रहा था, कुछ छात्रों ने इसका विरोध किया तो उन लोगों के द्वारा परीक्षा में फेल कराने की धमकियां दी गयी थी। इसी कारण परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राध्यक्ष एवं विद्यालय प्रबन्धन तथा उपस्थित शिक्षक स्टाफ की मिली भगत के कई दर्ज छात्र/छात्राओं की ओ0एम0आर0 शीट एवं कापियों के साथ छेड़छाड़ की गई है और विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 04.09.2022 को परीक्षाफल घोषित होने पर कई परीक्षार्थी छेड़छाड़ के कारण फेल हुए है। ओ0एम0आर0 शीट एवं कापियों की प्रति प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न है। परीक्षार्थी द्वारा विद्यालय प्रबन्धन के खिलाफ उचित कार्यवाही किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

निर्णय

उक्त के सम्बन्ध में कोडिंग प्रकोष्ठ से सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र की ऐसी 15 ओ0एम0आर0 की छायाप्रति उपलब्ध करायी गयी है, जिसमें कई बहुविकल्पीय प्रश्नों के दो–दो उत्तर भरे हुए है, जिसके सम्बन्ध में आदेशानुसार घोषित संशोधित परीक्षा परिणाम का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही परीक्षा केन्द्र गयादीन मौर्य स्मृति महाविद्यालय, डलमऊ, रायबरेली (RB21) पर रू0 100000/– का अर्थदण्ड लगाये जाने के साथ ही तीन वर्ष तक परीक्षा केन्द्र न बनाये जाने का समिति द्वारा निर्णय लिया गया। (वर्तमान में सम्बन्धित महाविद्यालय लखनऊ, विश्वविद्यालय लखनऊ से सम्बद्व है अतएव एक वर्ष की अवधि में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की आगामी परीक्षा में परीक्षा केन्द्र न बनाये जाने व शेष समयावधि हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को सम्बन्धित महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र न बनाये जाने के सम्बन्ध में संसूचित करने का समिति द्वारा निर्णय लिया गया।)

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

## अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति सेः–

मद सं0–2022.10.01

**कम्प्यूटर ओ लेवल सर्टिफिकेट के सत्यापन हेतु शासन/आई0जी0आर0एस0/आर0टी0आई0 द्वारा प्रपत्र प्राप्त हो रहे हैं, सत्यापन न होने की दशा में माननीय न्यायालय से भी याचिका प्राप्त हो रही है।**

**पूर्व में उक्त पाठ्यक्रम संचालन निर्वतमान कुलपति जी द्वारा समाप्त कर दिया गया था, किन्तु विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा उक्त पाठ्यक्रम को अपने स्तर से संचालित कर छात्र/छात्राओं को प्रमाण पत्र निर्गत किये जा चुका है। ओ लेवल पाठ्यक्रम की अर्हता से चयनित होकर छात्र/छात्राओं की सत्यापन आख्या विश्वविद्यालय को प्रेषित की जा रही है, विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रम संचालन बन्द किये जाने एवं विश्वविद्यालय में उक्त पाठ्यक्रम का कोई भी अभिलेख न होने के कारण सत्यापन आख्या सम्बन्धित को प्रेषित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। सत्यापन आख्या प्रेषित न हो पाने के कारण आवेदक द्वारा माननीय न्यायालय/आई0जी0आर0एस0/ आर0टी0आई0 द्वारा शिकायत प्राप्त हो रही हैं, जिस पर शासन द्वारा भी सख्त निर्देश प्रदान किये जा रहे हैं, के सम्बन्ध में निर्णयार्थ।**

निर्णय

समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सम्बन्धित महाविद्यालयों से ओ लेवल पास परीक्षार्थियों की वर्ष वार सूची प्राप्त कर ली जाय तथा जिन परीक्षार्थियों की ओ लेवल सम्बन्धी सत्यापन विश्वविद्यालय में प्राप्त होते हैं, उनको सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य से सत्यापन कराकर विश्वविद्यालय द्वारा उनकी सत्यापन आख्या निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद/कुलसचिव कार्यालय द्वारा सम्बन्धित को प्रेषित कर दी जाय।

कार्यवाही– निदेशक, महाविद्यालय विकास परिषद/कुलसचिव कार्या0

मद सं0–2022.10.02

**सत्र 2021–22 में एन0ई0पी0 में प्रवेश के दौरान सत्र 2020–21 के बी0बी0ए0 कोर्स के कुछ और छात्रों ने भूतपूर्व परीक्षार्थी के रूप में प्रवेश लिया था। द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है, इन छात्रों ने प्रथम सेमेस्टर में ओल्ड पैर्टन पर परीक्षा दी थी, जिनका परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुआ है, के सम्बन्ध में विचारार्थ।**

निर्णय

सत्र 2021–22 में एन0ई0पी0 में प्रवेश के दौरान सत्र 2020–21 के बी0बी0ए0 कोर्स के कुछ छात्रों ने भूतपूर्व परीक्षार्थी के रूप में प्रवेश लिया था। द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है, जिन छात्रों ने प्रथम

सेमेस्टर में ओल्ड पैटर्न पर परीक्षा दी थी, ऐसे छात्र/छात्राओं को उनके द्वितीय सेमेस्टर के समान शीर्षक के प्रश्नपत्र में प्राप्त अंकों के आधार पर उनके प्रथम सेमेस्टर में अंक प्रदान कर दिये जायें एवं शेष अन्य प्रश्नपत्रों के अंक औसत आधार पर प्रदान करते हुये प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित करते हुये एन0ई0पी0 के अन्तर्गत अगले सेमेस्टर का परीक्षा फार्म भराये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

**कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0**

मद सं0–2022.10.03

**सत्र 2021–22 में बी0ए0 प्रथम वर्ष एकल विषय (चित्रकला) में प्रवेशित छात्र/छात्राओं की परीक्षा सम्पन्न न कराये जाने के फलस्वरूप उनके परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने व द्वितीय वर्ष के परीक्षा फार्म भराये जाने के सम्बन्ध में विचारार्थ।**

निर्णय

सत्र 2021–22 में बी0ए0 प्रथम वर्ष एकल विषय (चित्रकला) में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि सर्वप्रथम उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में तीन सदस्यीय समिति का गठन कर दिया जाय तथा समिति के अनुशंसा के अनुधार पर मा0 कुलपति जी को निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया जायः–

1. सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य।
2. प्रो0 सुधांशु पाण्डया, डीन एकेडमिक, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।
3. श्री दिनेश कुमार मौर्य, सहायक कुलसचिव, सी0एस0जे0एम0वि0वि0, कानपुर।

**कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0**

मद सं0–2022.10.04

**सत्र 2021–22 के एन0ई0पी0 के छात्र/छात्राओं के विषय संशोधन किस प्रकार किया जाना है, यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा चुने गये विषय में प्रायोगिक विषय सम्मिलित हो गया हो, तो उसमें प्रयोगात्मक परीक्षा में अंक दिये जाने के सम्बन्ध में विचारार्थ।**

निर्णय

सत्र 2021–22 के एन0ई0पी0 के छात्र/छात्राओं के विषय संशोधन किस प्रकार किया जाना है, यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा चुने गये विषय में प्रायोगिक विषय सम्मिलित हो गया हो, तो उसमें प्रयोगात्मक परीक्षा में अंक दिये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि सम्बन्धित विषय में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रयोगात्मक विषय में अंक प्रदान कर दिये जायें तथा ऐसे प्रकरण में सम्बन्धित परीक्षार्थी का विषय संशोधन परीक्षा परिणाम घोषित होने के तीन माह के अन्दर किया जाने का समिति द्वारा निर्णय लिया गया है।

उपरोक्त के अतिरिक्त वर्ष 2021–22 की परीक्षा के दौरान जिन परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएँ किन्हीं कारणोंवश छूट गई थीं तथा उनके द्वारा नियमानुसार विश्वविद्यालय की वेबसाईट के निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाईन माध्यम से आवेदन किया है, ऐसे प्रकरणों के सम्बन्ध में पूर्व में दिनांक 20.08.2022 को आहूत परीक्षा समिति के मद संख्या–2022.09.33 में लिये गये निर्णय के अनुरूप उक्त परीक्षार्थियों को सम्बन्धित विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्बन्धित विषय की लिखित परीक्षा के औसत अंक जो कि अधिकतम 60 प्रतिशत एवं न्यूनतम् उत्तीर्ण अंक प्रदान कर परीक्षाफल घोषित किये जाने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

**कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0**

मद सं0–2022.10.05

**सत्र 2022–23 के छात्र/छात्राओं के विषय परिर्वतन, नाम परिर्वतन, लिंग परिर्वतन इत्यादि के प्रकरण हेतु शुल्क निर्धारण के सम्बन्ध में विचारार्थ।**

निर्णय

सत्र 2022–23 के छात्र/छात्राओं के विशय परिर्वतन, नाम परिर्वतन, लिंग परिर्वतन इत्यादि के प्रकरण पर समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि परीक्षा फार्म सब्मिशन की अन्तिम तिथि के उपरान्त अगले 15 दिवसों तक छात्र/महाविद्यालय को बिना किसी शुल्क के परिर्वतन करने की छूट प्रदान की जायेगी, तदोपरान्त रू0 1000/– विलम्ब शुल्क के साथ नियमानुसार परिर्वतन किये जाने का समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

कार्यवाही–परीक्षा नियंत्रक कार्या0

अन्त में मा0 प्रति कुलपति जी द्वारा सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक सम्पन्न हुई।

(डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक/सचिव, परीक्षा समिति

(प्रो० सुधीर कुमार अवस्थी)
प्रतिकुलपति/अध्यक्ष